## एक नजर में

### शासकीय / प्रायवेट कार्यालयों में आंतरिक परिवाद समिति का गठन नहीं किया तो 50 हजार रूपए का जुर्माना होगा

**मंदसौर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी बी.एल. बिश्नोई द्वारा बताया गया कि महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम-2013 द्वारा महिलाओं को कार्यस्थल पर सुगम वातावरण, सुरक्षा प्रदान करते हुए मजबूत शिकायत तंत्र प्रावधानित किया है। अधिनियम की धारा-4 के अंतर्गत प्रत्येक नियोजक आंतरिक समिति का गठन करेगा। प्रत्येक कार्यालय (शासकीय / प्रायवेट) जहां 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, ऐसे कार्यालय में एक आंतरिक समिति का गठन होना अनिवार्य है। समिति के पीठासीन अधिकारी एवं सदस्यों की नियुक्ति अधिकतम तीन वर्ष के लिए होती है। तीन वर्ष पश्चात समिति का पुनर्गठन किया जाना होता है। जिले के प्रत्येक 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत शासकीय/ अशासकीय कार्यालय में समिति का गठन पीठासीन अधिकारी कार्यस्थल पर कार्यरत वरिष्ठ महिला कर्मचारी, वरिष्ठ महिला उपलब्ध न होने पर अन्य कार्यालय से किसी अन्य महिला को आमंत्रित किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने समस्त अशासकीय संस्थाओं में आंतरिक समिति का गठन करें अथवा पूर्व में गठित समितियों का तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के पश्चात नवीन समिति का गठन कर स्द्धद्ब क्च्र्ड्ड प्रोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से करे, अन्यथा इस स्थिति में कार्यालयीन समिति का सही गठन या गठन न होने पर अधिनियम की धारा-26(1) के अनुसार 50 हजार रुपए की राशि से जुमनि से दंडित करने की कार्रवाई की जाएगी।

### श्री पीपा क्षत्रिय महिला मण्डल ने गणगौर पर्व मनाया, महिलाओं की शोभायात्रा निकली, भक्ति गीतों पर किया नृत्य



**मन्दसौर।** श्री पीपा क्षत्रिय महिला मण्डल द्वारा गणगौर पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। समाज की महिलाओं के द्वारा इस मौके पर बड़े बालाजी मंदिर बस स्टेण्ड से दशपुर कुंज उद्यान तक महिलाओं की झेल (शोभायात्रा) निकाली गयी। समाज की महिलाओं ने पारम्परिक परिधान पहनकर उत्साह के साथ सहभागिता की। समाज की महिलाओं ने गणगौर की प्रतिमा को आकर्षक रूप से सजाया तथा उसे सिर पर धारण कर चल समारोह के मार्ग में नृत्य भी किया। महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुये पुरे उत्साह से सहभागिता की। महिलाओं की शोभा यात्रा दशपुर कुंज उद्यान पहुंची यहाँ गणगौर माता की विधिवत पूजा की गयी। कार्यक्रम में महिला मण्डल की अंगुरबाला पंवार, नपा सभापति दीपमाला मकवाना, नवीनबाला पंवार, कोमल पंवार, ज्योति पंवार, श्रीमति पुष्पा मेडम, सुनीता पालीवाल, कलावति पंवार, मीना कनेसरिया, निर्मला कनेसरिया, सोना सोलंकी, चन्दा सोलंकी, सुनीता भाटी, भारती भाटी, चन्दा गेहलोत, गायत्री पंवार, वीणा पंवार, सीमा सोलंकी, भारती गेहलोत, सुनीता गेहलोत, मोनिका भाटी, सुनीता हाडा, सारिका, मीनाक्षी चावडा, कलावति मकवाना, नूतन सोलंकी सहित कई महिलाओं ने सहभागिता की।

# नरसिंह मंदिर में गूंजे गणगौर के लोकगीत

**पिपलियामण्डी। नगर के प्राचीन एवं आस्था के प्रमुख केंद्र नरसिंह मंदिर में गणगौर पर्व पूरे उत्साह, श्रद्धा और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने एकत्रित होकर विधि-विधान से माता गणगौर की स्थापना की और पूरे 16 दिनों तक नियमित पूजा-अर्चना कर धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया। मंदिर परिसर में हर दिन भक्ति का वातावरण देखने को मिला।**



पर्व के दौरान मंदिर में महिलाओं द्वारा पारंपरिक लोकगीतों आओ गणगौर माता, थारो रूप निराला, चांद सी सूरत लागे, सजी सोने री माला जैसे मधुर और लोक आस्था से जुड़े गीतों का गायन किया गया। समूह में भजन-कीर्तन करते हुए महिलाओं ने न केवल धार्मिक आस्था प्रकट की, बल्कि सांस्कृतिक विरासत को भी जीवंत रखा। इस संबंध में जानकारी देते हुए श्रीमती सरला शर्मा ने बताया कि गणगौर पर्व होली के दूसरे दिन धुलंडी से प्रारंभ होता है और लगातार 16 दिनों तक श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है। इस दौरान माता गौरी, जो सौभाग्य, प्रेम और समर्पण की प्रतीक मानी जाती है व विशेष पूजा की जाती है। उन्होंने बताया कि कुंवारी युवतियां योग्य वर की कामना को लेकर व्रत रखती हैं, वहीं विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी आयु, परिवार की खुशहाली और समृद्धि के लिए पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना करती हैं। गणगौर के इन दिनों में महिलाओं ने सुबह और शाम दोनों समय माता की पूजा की। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने हाथों में मेहंदी रचाई, चूड़ियां पहनी और पूर्ण श्रृंगार के साथ पूजा में भाग लिया। मंदिर में स्थापित माता गणगौर की प्रतिमा को फूल-मालाओं, वस्त्रों और आभूषणों से आकर्षक रूप से सजाया । पर्व के अंतिम दिन महिलाओं द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाएं सिर पर कलश धारण कर गीत गाते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से निकलीं। शोभायात्रा के समापन पर माता गणगौर की प्रतिमा का विधिवत जल में विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता से सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। पूरे आयोजन में अनुशासन, भक्ति और पारंपरिक संस्कृति का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

## भगवान केवट निषादराज जन्मोत्सव पर निकाली जाएगी वाहन रैली

**मंदसौर।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अनन्य मित्र और कहार भोई समाज के आराध्य देव भगवान केवट निषादराज जी का जन्मोत्सव आगामी सोमवार, 23 मार्च 2026 को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस पावन अवसर को ऐतिहासिक बनाने के लिए कहार भोई समाज विकास समिति द्वारा एक भव्य वाहन रैली का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर समाज के युवाओं और बुजुर्गों में भारी उत्साह देखा जा रहा है और तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। कार्यक्रम समिति का अध्यक्ष श्री रमेश चौहान को बनाया गया हैं।

कहार भोई समाज अध्यक्ष चुन्नीलाल चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि जन्मोत्सव का मुख्य आकर्षण नगर में निकलने वाली विशाल वाहन रैली होगी। यह रैली सोमवार दोपहर 3.30 बजे श्री कल्याण गुरु व्यायाम शाला, गोंदी घाट से जय निषादराज के उद्घोष के साथ प्रारंभ होगी जहां से प्रतापग? पुलिया, मण्डी गेट, घण्टाघर, भारत माता चौराहा, बस स्टेण्ड, बालाजी, गांधी चौराहा, सरदार वल्लभ भाई पटेल चौराहा, गोल चौराहा, रोम टॉवर रो?, सरदार वल्लभ भाई पटेल चौराहा, पुलिस पेट्रोल पम्प रो?, भीम राव अम्बेडकर चौराहा से होते हुए ाहन रैली का समापन कोर्ट परिसर स्थित मछली मार्केट के निषादराज मांगलिक भवन पर होगा। जहां पर भगवान केवट निषादराज जी की भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ब?ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेंगे। महाआरती के संपन्न होने के उपरांत समिति द्वारा उपस्थित सभी भक्तों के लिए विशेष प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई है। कहार भोई समाज विकास समिति ने समाज की एकजुटता और भक्ति का परिचय देने के लिए क्षेत्र के सभी बड़े-बुजुर्गों, युवा साथियों और सामाजिक बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में इस वाहन रैली और आरती में शामिल होने का विनम्र आग्रह किया है। उक्त जानकारी कार्यक्रम अध्यक्ष रमेश चौहान ने दी।




## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत तलाई की साफ-सफाई कर जल संरक्षण का दिया संदेश

**मंदसौर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर परिषद पिपलिया मंडी द्वारा आज तलाई क्षेत्र में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य जल स्रोतों का संरक्षण एवं जल स्तर में वृद्धि करना है। नगर परिषद के कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने मिलकर तलाई में जमा गंदगी और कचरे को हटाया। सफाई कार्य के दौरान जल संग्रहण क्षमता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। जनभागीदारी से ऐसे प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। स्थानीय लोगों ने भी अभियान में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। अभियान के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। नगर परिषद ने नागरिकों से जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की है। इस तरह के प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

एक नजर — गांधी सागर की लहरों मे लिया छात्रों ने नौकाविहार का आनंद

## एशिया की सबसे बड़ी मानव निर्मित झील का गरनाई विद्यालय के छात्रों ने किया भ्रमण

**मंदसौर।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय गरनाई की आदर्श शिक्षिका श्रीमती ललिता सिसोदिया के द्वारा विद्यालय के बच्चों को गांधी सागर डैम का भ्रमण करवाया गया शाला के समस्त बच्चों एवं स्टाफ के साथ में पूरा दल गांधी सागर पहुंचकर वहां के वातावरण का लुफ्त उठाया वहां पर बच्चों ने नाव वोट में सवारी की सभी बच्चों ने बारी-बारी से नाव में घूमते हुए प्राकृतिक आनंद लिया इसके बाद में वहां पर बच्चों ने स्विमिंग पूल का भी आनंद लिया इसके पश्चात वहां बने प्राकृतिक गार्डन का भी लुफ्त उठाया तथा बच्चों ने वहां पर मनोरंजन के साधन का भी लुफ्त उठाया एवं वहां पर कैंटीन व्यवस्था में भी खानपान एवं नाश्ता पानी का भी खूब लुफ्त उठाया इसके पश्चात शाला के सभी बच्चे लड़के एवं लड़कियां अपने स्टाफ के साथ में तक्षकेश्वर महादेव मंदिर भी गए और वहां पर दर्शन का लाभ उठाया इस तरह से आज बच्चों ने प्राकृतिक आनंद के साथ-साथ पर्यावरण की भी जानकारी प्राप्त करी एवं अपने शिक्षिका श्रीमती ललिता सिसोदिया को बहुत-बहुत धन्यवाद देते हुए भ्रमण से वापस घर के लिए वापसी की ज्ञात हो की आदर्श शिक्षिका ने विद्यालय मे अनेक नवीन प्रयोग किये जिनको विभाग ने खूब सहारा व उनका सम्मान भी किया था व प्रदेश मे अनेक विद्यालयों मे उनका अनुसरण भी किया गया।



# नीमच

## एक नजर में

### जिला कौशल विकास समिति की बैठक 23 को

**नीमच।** जिला कौशल विकास समिति की बैठक 23 मार्च को प्रात: 10.30 बजे कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में आयोजित की जा रही है। कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित इस बैठक में समिति के सभी सदस्यों से उपस्थित होने का आगृह किया गया है।

### होली मिलन समारोह के साथ नए पदाधिकारियों का होगा चयन

**नीमच।** भारत विकास परिषद की सुभाष शाखा द्वारा होली मिलन समारोह एवं सत्र 2026-27 के लिए नवीन पदाधिकारियों के चयन हेतु साधारण सभा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन प्रांतीय निर्देशानुसार रविवार 22 मार्च को रात्रि 7:30 बजे शिक्षक सरकारी भवन (डीपी ज्वेलर्स के सामने) में आयोजित होगा। शाखा अध्यक्ष ललित कुमार राठी ने बताया कि चयन प्रक्रिया पर्यवेक्षक मनोज मेहता एवं शाखा पालक अजय शर्मा की उपस्थिति में संपन्न कराई जाएगी।

### जल गंगा संवर्धन अभियान संबंधी बैठक 23 को

**नीमच।** जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से 30 जून 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत जनसहयोग एवं जनभागीदारी से और विभिन्न विभागों की समेकित पहल से नवीन जल संग्रहण संरचना निर्माण, पुरानी संरचनाओं का जीर्णोद्धार, मरम्मत जल संबंधित प्रचलित कर्यो की पूर्णता, राजस्व रिकार्ड में जल संग्रहण संरचनाओं व नहरों को अंकित करने, मानसून में किए जाने वाले पौधारोपण की तैयारी आदि कार्य किए जा रहे है। जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 की कार्य योजना तैयार करने के संबंध में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में 23 मार्च 2026 को दोपहर 12.30 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में बैठक आयोजित की गई है। जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव ने सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

### डी.एम.द्वारा दो आरोपियों को 6 माह तक थाना हाजरी का आदेश

**नीमच।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी हिमांशु चंद्रा द्वारा म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5(क)(ख) के तहत आरोपी जिब्रान उर्फ टीपू पिता अब्दुल गनी जाति मुसलमान निवासी मोरवन पुलिस थाना जावद को सदाचार बनाए रखने के लिए पुलिस थाना जावद में 6 माह तक सप्ताह में एक दिन थाना हाजरी का आदेश जारी किया गया है। डी.एम. द्वारा एक अन्य प्रकरण में आरोपी ओमप्रकाश पिता मांगीलाल बावरी निवासी पालराखेड़ा पुलिस थाना जावद को सदाचार बनाए रखने के लिए पुलिस थाना जावद में 6 माह तक सप्ताह में एक दिन थाना हाजरी का आदेश जारी किया गया है। उक्त आरोपियों के विरूद्ध पुलिस थाना जावद में विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध होकर विचाराधीन हैं।

### अवैध खनिज उत्खनन पर कलेक्टर द्वारा 9 लाख रुपए से अधिक का अर्थ दंड आरोपित

**नीमच।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी हिमांशु चंद्रा द्वारा मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत खनिज के अवैध उत्खनन के एक प्रकरण में अनावेदक वाहन मालिक विक्रमसिंह पिता मोकमसिंह राजपूत निवासी डोबड़ा जिला झालावाड़ तथा वाहन चालक मुकेश पिता कैलाश गुर्जर निवासी बिश्नीया जिला भीलवाड़ा पर कुल शासति राशि 9 लाख से अधिक की शास्ति आरोपित की गई है। कलेक्टर ने खनिज अधिकारी को निर्देशित किया है, कि अधिरोपित जुर्माने की राशि 901250/- मात्र चालान से 15 दिवस के अंदर शासकीय कोष में जमा करना सुनिश्चित करें। अनावेदक द्वारा जुर्माना राशि निश्चित समयावधि में जमा नहीं कराने पर उसके विरुद्ध भू-राजस्व संहिता के तहत कार्रवाई की जाएगी और भू-राजस्व के समान राशि की वसूली की जाएगी।

## मारु औदिच्य जोधपुरा ब्राह्मण समाज की जमीन पर बाउंड्रीवॉल-मेन गेट का लोकार्पण

**नीमच।** मारु औदिच्य जोधपुरा ब्राह्मण समाज, नीमच द्वारा समाज की भूमि (वार्ड क्रमांक 1, जमुनिया बालाजी रोड) पर निर्मित बाउंड्रीवॉल एवं मुख्य द्वार का भव्य समाजर्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार रहे, जिनके करकमलों से समाजर्पण संपन्न हुआ। यह कार्य समाज के संगठित प्रयासों एवं विकासशील सोच का प्रतीक है, जिसे समाज के गौरवपूर्ण भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि एवं मील का पत्थर माना जा रहा है।



> **विधायक निधि से मिली 15 लाख की सौगात**
> बाउंड्रीवॉल और मुख्य द्वार लोकार्पण के अवसर पर नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार ने समाज की धर्मशाला के विकास के लिए 15 लाख रुपए विधायक निधि से देने की घोषणा की एवं धर्मशाला स्थल तक पहुंचाने के लिए एक करोड़ की लागत से 1 किलोमीटर सड़क बनाने की घोषणा और समाज जनों को आश्वासन दिया कि भविष्य में भी धर्मशाला निर्माण में हमारी तरफ से पूरा सहयोग किया जाएगा।

कार्यक्रम में समाज के संरक्षक, मार्गदर्शक मंडल, अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के अध्यक्ष संजय शर्मा और सभी वरिष्ठ जनों द्वारा मुख्य द्वार का पूजन के साथ किया गया। तत्पश्चात उपस्थित समाजजनों ने एकजुटता के साथ सहभागिता निभाई एवं निर्माण कार्य की सफलता के लिए मंगलकामनाएं की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि बाउंड्रीवॉल निर्माण से समाज की अमूल्य संपत्ति सुरक्षित रहेगी तथा भविष्य में सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के सुव्यवस्थित संचालन में सुविधा प्राप्त होगी। अब समाज की भूमि पर विभिन्न कार्यक्रम सुचारू रूप से आयोजित किए जा सकेंगे। विधायक परिहार द्वारा समाज को 15 लाख का डोम देने की घोषणा की गई। संचालन सिद्धूलाल पुरोहित द्वारा किया गया। कार्यक्रम का वातावरण श्रद्धा, उत्साह, विश्वास एवं सामाजिक एकता के भाव से ओतप्रोत रहा।

इस अवसर पर मार्गदर्शक मंडल के सदस्य विजयशंकर शर्मा, अवंतीलाल शर्मा, श्यामप्रसाद शर्मा, दरबारीलाल शर्मा, रघुवीर शर्मा, विनोद शर्मा, सुरेश शर्मा, देवकरण शर्मा, दिलीप शर्मा शी प्रहलाद जी शर्मा सहित समाज के अध्यक्ष संजय शर्मा, सचिव राजेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष सिद्धूलाल पुरोहित, सह-कोषाध्यक्ष मनोहरलाल शर्मा, उपाध्यक्ष दिनेशचंद शर्मा एवं उमेश शर्मा, सहसचिव शिवप्रसाद शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य सुनील शर्मा (इले), सुनील शर्मा (मेडि), प्रदीप शर्मा, नरेंद्र शर्मा, सावन शर्मा, नितेश शर्मा मुकेश शर्मा पत्रकार दीपेश शर्मा डॉ. जुगल शर्मा, सुरेश शर्मा सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

अंत में समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा तथा समाज के सहयोग से इसे समयबद्ध पूर्ण करने का संकल्प लिया गया है।

**अतिथि के साथ वरिष्ठ समाज जनों ने मंच साझा किया:** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार के साथ समाज के वरिष्ठ जन्म संस्थापक अध्यक्ष विजय शंकर शर्मा वरिष्ठ अवंती लाल शर्मा समिति के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट विनोद शर्मा एवं समिति के अध्यक्ष संजय शर्मा सचिव राजेंद्र शर्मा मंच पर बैठे कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष सिद्धू लाल पुरोहित ने किया एवं आभार सचिव राजेंद्र शर्मा ने माना।



## मध्यप्रदेश सरकार उद्योगों को बढ़ावा दे रही है : डॉ. यादव

**नीमच।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से नीमच के युवा समाजसेवी अरूल—अशोक अरोरा गंगानगर ने शनिवार को सौजन्य भेंट की है। जयपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाग लिया। राजस्थान के उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश में निवेश करने एवं उद्योग स्थापित करने के लिए सीएम ने इन्वेस्टमीट को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में नीमच के युवा समाजसेवी अरूल अरोरा गंगानगर ने भी हिस्सा लिया। यह कार्रवाई आईटीसी राजपूताना होटल जयपुर में आयोजित हुआ था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत किया गया और चर्चा की गई।

**मध्यप्रदेश सरकार उद्योगों को बढावा दे रही है:** राजस्थान के जयपुर में आयोजित इन्वेस्ट मीट में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में सरकार उद्योगों को बढावा दे रही है। राजस्थान के उद्योगपति मध्यप्रदेश में किसी भी प्रकार का उद्योग स्थापित करना चाहते है तो सरकार हर तरह उनकी मदद करेगी। जगह से लेकर अन्य सुविधाएं मुहैय्या करवाएगी।

एक नजर — जिटो संस्था मदद के लिए आगे आई, शहीद कंचनबाई के परिवार को 3 लाख की सहायता

## कंचनबाई के साहस को नमन, बच्चों के भविष्य के लिए बढ़े मदद के हाथ

**नीमच।** ग्राम रानपुर की शहीद आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कंचनबाई मेघवाल के परिवार के लिए जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जिटो) मददगार बनकर सामने आया है। जिटो ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए कंचनबाई के परिजनों को कुल 3 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की, जिससे संकट के दौर से गुजर रहे परिवार को बड़ा संबल मिला है। करीब एक माह पूर्व कंचनबाई मेघवाल ने मधुमक्खियों के हमले के दौरान अपनी जान की परवाह किए बिना 20 से अधिक मासूम बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन स्वयं हजारों डंक झेलते हुए शहीद हो गईं। उनके इस अद्भुत साहस और बलिदान ने पूरे जिले ही नहीं, देशभर में लोगों को भावुक कर दिया।

घटना की जानकारी मिलने पर इंदौर के समाजसेवी एवं जिटो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमलेश सोजतिया ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार की वास्तविक स्थिति की पड़ताल कराई। इस दौरान जांच में सामने आया कि परिवार बेहद गरीब है, दिवंगत कंचनबाई के पति लकवाग्रस्त होकर बिस्तर पर हैं, बेटा रवि बेरोजगार है, जबकि दोनों बेटियों



वर्षा और चंदा का विवाह हो चुका है। परिस्थितियों को देखते हुए कमलेश सोजतिया ने मुंबई के शांतिलाल गोलेछा सहित जिटो के पदाधिकारियों से चर्चा कर आर्थिक सहयोग का निर्णय लिया। जिटो इंदौर यूथ चैप्टर के चेयरमैन उद्योगपति प्रतीक सूर्या के सौजन्य से सहायता राशि तय की गई। जिटो नीमच महिला विंग की चेयरपर्सन रिंकू राठौर के नेतृत्व में ग्राम रानपुर पहुंचकर कंचनबाई के पुत्र रवि मेघवाल को 2 लाख रुपए तथा पुत्रियों वर्षा और चंदा को 50-50 हजार रुपए के चेक सौंपे गए। इस मौके पर वीडियो कॉल के माध्यम से जुड़े कमलेश सोजतिया ने कहा कि जिटो आगे भी ऐसे साहसिक कार्य करने वाले लोगों और उनके परिवारों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। वरिष्ठ पत्रकार जिनेन्द्र सुराना ने कहा कि जिटो ने जात-पात से ऊपर उठकर दिवंगत कंचनबाई के परिवार की मदद कर मानवता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। सरपंच लालाराम रावत सहित ग्रामीणों ने कंचनबाई के त्याग को नमन करते हुए जिटो की इस पहल की सराहना की और सभी ने एक स्वर में कहा कि कंचनबाई का बलिदान समाज के लिए प्रेरणा है और उनका यह साहस हमेशा याद रखा जाएगा। इस दौरान इस अवसर पर जिटो की मेंबर आशा सांभर, सुमन भंडारी और संगीता सखलेचा, जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक पाटीदार, पत्रकार संजय शर्मा, नीलेश रावल, मेघवाल समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश जावरिया सहित कन्हैयालाल मेघवाल, डॉ. प्रहलाद डांगी, अमृत जलवानिया, कैलाश मेघवाल और भारत मेघवाल भी मौजूद थे।